भारत एक शांतिप्रिय देश जो सभी धर्मों का सम्मान करता है: लोक सभा अध्यक्ष

...

भारत, एक राष्ट्र के रूप में, सभी धर्मों का सम्मान करता है: लोक सभा अध्यक्ष

...

दुबई एक्सपो में लगे भारत के पेवेलियन से भारत की विकास गाथा और विशाल बाजार के रूप में इसकी अपार संभावनाओं का पता चलता है: लोक सभा अध्यक्ष

...

अबू धाबी / नई दिल्ली; 24 फरवरी, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, जो 21 से 25 फरवरी, 2022 तक संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा पर हैं, ने आज टॉलरेंस एंड को-इग्ज़िस्टन्स मिनिस्टर, महामहिम शेख नाहयान बिन मुबारक अल नाहयान से मुलाकात की।

इस मुलाकात के दौरान, श्री बिरला ने कहा कि भारत एक शांतिप्रिय राष्ट्र है। इस बात पर जोर देते हुए कि भारत, एक राष्ट्र के रूप में, सभी धर्मों का सम्मान करता है, श्री बिरला ने भारत की जीवंत और बहुलवादी संस्कृति का उल्लेख किया।

दोनों नेताओं ने भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच समय की कसौटी पर खरे उतरे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दिया । साथ ही उन्होंने ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रौद्योगिकी जैसे नए क्षेत्रों में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के संबंधों का विस्तार करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

श्री बिरला ने एक्सपो 2020, दुबई में इंडिया पेवेलियन का दौरा किया। 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कला, संस्कृति, साहित्य, सिनेमा और व्यंजनों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि इस पेवेलियन से भारत की विकास गाथा और विश्व अर्थव्यवस्था के लिए विशाल बाजार के रूप में इसकी अपार संभावनाओं का पता चलता है ।श्री बिरला ने यह भी कहा कि यह पेवेलियन भारत की कला और संस्कृति का अनूठा संगम है और एक्सपो में भारत की उपस्थिति से युवा प्रतिभाओं के लिए व्यापार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।